भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरु मार्ग
पुराना मिंटो रोड़, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास,
नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा TRAI

संख्याः 1-04/2022-प्रशासन एवं कार्मिक **दिनांकः 24 जून, 2022**

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के जयपुर, भोपाल एवं बेंगलुरु में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पदों को भरने के संबंध मेः *आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि का विस्तार।*

महोदय / महोदया,

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 06 अप्रैल, 2022 एवं 27 मई, 2022 के संदर्भ में, जिसके अन्तर्गत **भादूविप्रा के जयपुर, भोपाल एवं बेंगलुरु में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी** के पदों को आरंभ में **31 मार्च, 2025** तक के लिए भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

पे-लेवल / वेतनमान	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-11, रुपये 67700-208700 *(संशोधन पूर्वः पी.बी-3, रुपये 15600-39100+ ग्रेड-पे रुपये 6600) एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि।*
पात्रता की शर्तें	केन्द्रीय सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः (i) जो समकक्ष पद पर कार्यरत हैं **अथवा** (ii) जूनियर टाईम स्केल ग्रेड़ में कार्यरत अधिकारी, जिन्होंने उक्त ग्रेड़ में चार वर्ष की नियमित सेवा की है **अथवा** अनुभाग अधिकारी ग्रेड़ या समकक्ष ग्रेड़ या उच्च ग्रेड़ में सात वर्ष की नियमित सेवा की है। अधिकारी को कम्प्यूटर संबंधित ज्ञान होना चाहिए।
योग्यता	**अनिवार्यः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से व्यवसाय/ प्रशासन/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/ इजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता एवं संबंधित क्षेत्र में वांछनिय अनुभव।

क्रमशः...पृ/2

संख्याः 1-04/2022-प्रशासन एवं कार्मिक **दिनांकः 24 जून, 2022**

2. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-।।) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

3. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की पिछली पाँच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट / वार्षिक मूल्यांकन निष्पादन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रपत्र (भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से ड़ाउनलोड़ किया जा सकता है) में आवेदन प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र.एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002** को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. **भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल एवं बेंगलुरू में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पद हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को 15 जुलाई, 2022 तक बढ़ाया गया है। अब भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पद हेतु प्रस्तुत किसी भी नये आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।**

5. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

24/6/22

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र.एवं का.)
दूरभाषः 011-23664-213

प्रतिलिपिः-

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - *कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।*
7. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 - *कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।*
8. नोटिस बोर्ड